चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हांगकांग में अनुचित चुनौतियों के खिलाफ किया आगाह

नई दिल्ली,(आरएनएस)। ब्रिटेन द्वारा चीन को हांगकांग लौटाए जाने की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक समारोह में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि हांगकांग पहले कभी इतना स्वतंत्र नहीं था जितना आज है । साथ ही उन्होंने बीजिंग शासन के लिए 'अनुचित चुनौतियां' खड़ी किए जाने के खिलाफ आगाह भी किया। हांगकांग की नई नेता कैरी लाम के शपथ समारोह के बाद शी ने एक टेलीविजन संबोधन में यह बात कही। इसी दौरान बीजिंग समर्थकों एवं विरोधियों के बीच झड़प भी हुई। चीन समर्थक समिति द्वारा लाम का चयन किया गया है। अभी से इस निर्णय की आलोचना की जा रही है और कई लोग इसे शहर में चीन की एक कठपुतली की तैनाती बता रहे हैं। वहीं कुछ लोग लगभग 80 लाख लोगों की स्वतंत्रता पर बीजिंग की कठोर होती पकड़ से नाराज हैं। शी ने आगाह करते हुए कहा कि चीन में कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार के प्राधिकार को किसी भी तरह का खतरा, सभी हदों के पार माना जाएगा और वह पूरी तरह अनुचित होगा। चीनी राष्ट्रपति की यह प्रतिक्रिया युवा कार्यकताओं के आत्मनिर्णय या हांगकांग के लिए पूर्ण स्वतंत्रता की मांग करने के बाद आई है। युवा कार्यकताओं की मांग को ले कर चीन की त्यौरियां तनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि हांगकांग के अधिक इतने व्यापक लोकतांत्रिक अधिकार हैं जितने पहले कभी उसके पास नहीं थे। लाम ने शी से हाथ मिलाने से पहले, देश के हारबरफ्रंट सम्मेलन केंद्र में चीन के राष्ट्रीय ध्वज के नीचे पद की शपथ ली। ब्रिटेन ने एशिया के वित्तीय केंद्र का नियंत्रण वर्ष 1997 में चीन के हाथ में दे दिया था।

विलास को मारने वाले जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन

जगदलपुर,(आरएनएस)। बुरगुम के पटेलपारा टेकरी के जंगलों में नक्सली नेता विलास को ढेर करने वाले चार जवानों को आउटआफ टर्न प्रमोशन दिया गया है। करीब एक माह पहले पुलिस ने विलास का एनकाउंटर किया था और मौके से विलास के शव के अलावा एके-47, पिस्टल, कारतूस, वायरलेस सेट सहित अन्य सामान बरामद किया था। इस एनकाउंटर में उनि सावन कुमार सारथी, प्लाटून कमांडर रंजीत तिग्गा, आरक्षक विवेक प्रकाश कोशले और एडवर्ड एक्का ने बहादुरी का परिचय दिया था। इस एनकाउंटर के बाद इन चारों वीर जवानों का नाम प्रमोशन के लिए भेजा गया था। इसके बाद इन्हें क्रम से पूर्व एक पदोन्नति दी गई है। विलास बारसूर एरिया कमेटी का सचिव था और उस पर 8 लाख रुपए का इनाम घोषित था और उसकी दहशत पूरे इलाके में थी। विलास की मौत के बाद नक्सलियों ने बस्तर बंद का आयोजन भी किया था और बदले की कार्रवाई के तौर पर बीएसएनएल के टावर को उड़ा दिया था। विलास की मौत के बाद नक्सलियों की बारसूर एरिया कमेटी अब कमजोर हो गई है।

दिल्ली की अदालत में नेशनल हेराल्ड केस पर सुनवाई जारी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी से जुड़े नेशनल हेराल्ड मामले में सुनवाई जारी है। भाजपा के नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने साल 2012 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उपाध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के कोषाध्यक्ष मोतीलाल वोरा, कांग्रेस नेता ऑस्कर फर्नांडिस, सुमन दुबे और सैम पित्रोदा के खिलाफ मामला दायर किया था। स्वामी ने कोर्ट याचिक दायर कर कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड अख़बार के मालिक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के लिए ब्याज मुक्त गण 90.25 करोड़ रुपये की व्यवस्था की। जिसके बाद कांग्रेस ने घपला कर गण को भी नहीं चुकाया।

अमरनाथ के लिए 4,477 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना

नई दिल्ली(आरएनएस)। जम्मू से शनिवार को 4,477 तीर्थयात्रियों का जत्था अमरनाथ के लिए रवाना हो गया। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बहाल होने के बाद यह तीर्थयात्रा शुरू हुई। अधिकारियों ने कहा 3,298 पुरूषों, 986 महिलाओं और 193 साधुओं वाला यह जत्था 136 वाहनों में सवार होकर भगवती नगर यात्री निवास से रवाना हुआ। इस दौरान सुरक्षाबल भी मौजूद रहे। यह काफिला तड़के 4.15 बजे रवाना हुआ। किसी भी वाहन को सुरक्षा कारणों से जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जवाहर सुरंग से गुजरने की मंजूरी नहीं दी गई। रामबन जिले में भूस्खलनों की वजह से जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया था, जिसके बाद से किसी भी तीर्थयात्री को घाटी में जाने की अनुमति नहीं दी गई। यह 40 दिवसीय यात्रा 29 जून को शुरू हुई थी और यह सात अगस्त को समाप्त होगी। अभी तक 10,000 तीर्थयात्री अमरनाथ की गुफा के दर्शन कर चुके हैं।

तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार 2 युवकों को कुचला

यमुनानगर,(आरएनएस)। यमुनानगर के बीकेडी रोड पर शुक्रवार देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक पर सवार दो युवकों को कुचल दिया। दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। एक युवक का शव ट्रक के पहिए में फंस गया, जो लगभग 150 मीटर तक घसीटता चला गया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक गांव खदरी के दो युवक किसी काम से शुक्रवार देर रात बाइक पर सवार होकर बीकेडी रोड की तरफ आए हुए थे। वे घर लौटने लगे तो एक रेत से भरे ओवर लोडिड ट्रक ने दोनों को कुचल दिया। हादसे में पल्सर बाइक दो हिस्सों में बिखर गई। दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक ने भागने की कोशिश की लेकिन एक युवक का शव पहियों के बीच फंस गया। पहियों के बीच फंसा शव लगभग 150 मीटर तक घसीटता चला गया।

मोदी के दौरे से पहले बोले इजरायल पीएम, अहम मुद्दे पर भी होगी चर्चा

येरुशलम,(आरएनएस)। पीएम नरेंद्र मोदी के इजरायल दौरे के दौरान जिन अहम मुद्दों पर चर्चा होगी, उनमें से एक साइबर सुरक्षा में सहयोग बढ़ाना होगा। पीएम मोदी के दौरे के ठीक एक दिन पहले इजराइल पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने यह बात कही है। मोदी अपने तीन दिवसीय दौरे के तहत मंगलवार को इजरायल पहुंचेंगे। नेतन्याहू ने तेल अवीव यूनिवर्सिटी में आयोजित साइबर वीक 2017 कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेते हुए कहा कि कभी यह कहने का खामियाजा भुगतना पड़ता था कि आप इजरायल से हो। आज अगर आप साइबर या उन्नत तकनीक की बात करते हैं तो पूरी दुनिया हमें जानना चाहती है। पूरी दुनिया यहां आ रही है। वहीं मोदी को दुनिया के महत्वपूर्ण प्रधानमंत्रियों में से एक करार देते हुए नेतन्याहू ने कहा कि भारतीय नेता साइबर समेत कई क्षेत्रों में इजरायल से करीबी सहयोग चाहते हैं। उन्होंने कहा, भारत के प्रधानमंत्री दौरे पर आ रहे हैं। तेजी से बढ़ रहे तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ वह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण प्रधानमंत्रियों में से एक हैं। वह जल, कृषि, स्वास्थ्य और साइबर समेत कई क्षेत्रों में इजरायल से करीबी सहयोग चाहते हैं और उनके पास इसके लिए एक अच्छी वजह भी है।

अमेरिका ने भारत को गार्जियन ड्रोन निर्यात का लाइसेंस जारी किया

वाशिंगटन,(आरएनएस)। अमेरिका ने भारत को 22 गार्जियन ड्रोन निर्यात के लिए एक और कदम बढ़ा दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने भारत के लिए जरूरी डीएसपी-5 गार्जियन निर्यात लाइसेंस जारी कर दिया है। डीएसपी-5 श्रेणी का लाइसेंस सैनिक हार्डवेयर के स्थायी निर्यात के लिए जारी किया जाता है। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 26 जून को हुई पहली मुलाकात के कुछ ही दिनों बाद यह फैसला किया गया है।

हाइवा ट्रक से डीजल चोरी करने वाला चालक गिरफ्तार

रायपुर,(आरएनएस)। हाइवा ट्रक से डीजल चोरी कर बेचने वाले वाहन चालक के खिलाफ अभनपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी हरीश पांडेय पिता लक्ष्मण पांडेय ने शिकायत दर्ज कराया कि उसके हाइवा ट्रक का चालक आरोपी पूरन पिता प्रेमलाल पटेल 24 वर्ष निवासी ग्राम खोरपा थाना गोबरानयापारा द्वारा प्रार्थी के हाइवा ट्रक से लगातार डीजल चोरी करता था। इस बात की जानकारी मिलने पर प्रार्थी ने उस पर नजर रखनी शुरू की थी। इसी बीच आरोपी ने एक बार फिर से हाइवा ट्रक से करीब 25 लीटर डीजल चोरी करने का प्रयास किया था। इसी बीच प्रार्थी द्वारा देख लिए जाने पर आरोपी डीजल छोड़कर भाग निकला। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

आम आदमी की तकलीफों को सामने लाता है मीडिया

जगदलपुर,(आरएनएस)। आदिम जाति कल्याण विभाग मंत्री केदार कश्यप ने बस्तर के मीडिया की जमकर तारीफ करते हुये कहा कि कई अनजाने मामलों को सरकार के सामने लाता है जिसके कारण कई प्रकार योजनाएं बनाने में सहायक होता है! मंत्री ने यह माना कि मीडिया आम आदमी की तकलीफों को सामने भी लाता है ण् मंत्री केदार कश्यप चेंबर भवन में आयोजित बस्तर विकास में मीडिया भूमिका के संबंध में अपना उद्बोधन दे रहे थे! बस्तर प्रेस क्लब और विश्व संवाद केंद्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता महाविद्यालय के कुलपति मानसिंह परमार विश्व संवाद केंद्र रायपुर के डॉक्टर सुरेंद्र कुमार अंचल से प्रकाशित दंडकारण्य समाचार पत्र के संपादक मणिकुंतला बोस ने सकारात्मक और नकारात्मक पत्रकारिता के बारे में उपस्थित जनों को बताया वहीं विश्व संवाद केंद्र के सुरेंद्र कुमार ने मुख्य वक्ता के आसंदी से नारद को पत्रकार बताते हुए कई प्रकार की रोचक किस्से भी सुनाए! आज आयोजित कार्यक्रम में बस्तर के कुछ पत्रकारों को पुरस्कृत भी किया गया इसी के साथ साथ बीजापुर और सुकमा के पत्रकार को जी प्रशस्ति पत्र दिया गया! अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने अध्यक्षीय भाषण और सूरेश रावल ने आभार माना!

राष्ट्रहित में एनसीसी का सराहनीय योगदान - राज्यपाल

एन.सी.सी. के महानिदेशक ने की सौजन्य भेंट

रायपुर,(आरएनएस)। राज्यपाल बलरामजी दास टंडन से आज यहां राजभवन में एन.सी.सी. के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल विनोद वशिष्ठ ने सौजन्य भेंट की। टंडन ने एन.सी.सी. द्वारा विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण एवं राष्ट्र हित के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एन.सी.सी. केडेट्स को आवश्यकता पड़ने पर देश के लिए अपना सब कुछ बलिदान करने हेतु तैयार रहना चाहिए। वशिष्ठ ने छत्तीसगढ़ के केडेट्स की सराहना करते हुए एन.सी.सी. संबंधी गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। वशिष्ठ ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर मेजर जनरल ए. के. सप्रा, ब्रिगेडियर आई.जे. एस. चौहान उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ के श्रमायुक्त कार्यालयों में शिकायतों का ऑनलाइन पंजीयन और निराकरण शुरू

निराकरण की जानकारी भी मिलेगी ऑनलाइन

रायपुर,(आरएनएस)। राज्य सरकार ने औद्योगिक संस्थानों, कारखानों और उनमें नियोजित श्रमिकों सहित आम जनों को श्रम विभाग में अर्जी देने के लिए ऑनलाइन सुविधा प्रदान की है। छत्तीसगढ़ स्थित श्रमायुक्त संगठन के अधीन सभी कार्यालयों में शिकायतों का ऑनलाइन पंजीयन और निराकरण शुरू हो गया है। कोई भी व्यक्ति या संस्था श्रम विभाग से संबंधित अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए विभाग द्वारा ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली विकसित किया गया है। इस प्रणाली में विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली लिंक उपलब्ध कराया गया है, जिसमें ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जा सकती है। श्रम विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि शिकायतकर्ता आवेदक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली को क्लिक करने पर उसमें दिखाई देने वाले फार्म में जानकारी भरकर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। शिकायत दर्ज हो जाने पर आवेदक के ई-मेल या मोबाइल पर शिकायत पंजीकृत होने की जानकारी मिलेगी। शिकायत कर्ता इस नम्बर का उपयोग शिकायत की स्थिति जानने के लिए कर सकते हैं। विभाग द्वारा शिकायत निवारण की सूचना आवेदक के ई-मेल पर दी जाएगी। ई-मेल आई डी नहीं होने पर डाक द्वारा जानकारी दी जाएगी। यदि कोई आवेदक अपनी शिकायत संबंधित जिला कार्यालय में हार्ड कापी जमा करातें हैं, तो उसे तत्काल पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। इसी प्रकार श्रमायुक्त कार्यालय में प्राप्त शिकायतों को भी तत्काल प्रणाली में दर्ज करके निराकरण किया जाएगा।

बोलेरो वाहन की ठोकर से छात्र की मौत

अम्बिकापुर,(आरएनएस)। एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने स्कूली छात्र को जोरदार ठोकर मार दिया। उक्त घटना में छात्र बुरी तरह घायल हो गया था। वहीं छात्र को उपचार के लिए अस्पाल ले जाया जा रहा था उसी दौरान छात्र ने दम तोड़ दिया। अम्बिकापुर-बनारस मार्ग पर भगवानपुर के पास एक तेज रफ़्तार बोलेरो ने स्कूल से घर आ रहे छात्र को अपनी चपेट में ले लिया। उक्त घटना में छात्र की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार मल्टीपरपस स्कूल में कक्षा 9 वीं में पढ़ने वाला छात्र स्कूल की छुट्टी के बाद सायकल से वापस अपने घर जा रहा था। उसी दौरान बनारस मार्ग पर भगवानपुर के समीप बोलेरो वाहन के चालक ने तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक चलाते हुवे छात्र को ठोकर मार दी। घटना में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे मार्ग से गुजर रही महतारी एक्सप्रेस द्वारा जिला अस्पताल लाया गया था। परंतु अस्पताल पहुंचने से पहले ही छात्र ने दम तोड़ दिया। वाहं घटना के बाद बोलेरे वाहन का चालक वाहन समेत फरार हो गया है। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुट गई है।

ट्रक 30 फीट गहरी खाई में गिरी, चार महिलाओं सहित पांच की मौत

कोडरमा,(आरएनएस)। तारागाटी में शुक्रवार शाम एक ट्रक 30 फीट गहरी खाई में गिर गया। इसमें चार महिलाओं सहित पांच लोगों की मौत हो गई। ट्रक पर मिट्टी लदी थी, जिसमें हादसे के बाद लोग दब गए। सभी की लाशें मिट्टी की खुदाई कर निकालनी पड़ी। ये सभी ट्रक से लिफ्ट लेकर अपने घर आ रहे थे।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु General Knowledge

1 निम्नलिखित में से कौन सा स्थल वनस्पति संरक्षण हेतु स्वस्थान पद्धति नही है -
अ जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र
ब वानस्पातिक उद्यान
स राष्ट्रीय पार्क
द वन्य प्राणी अभ्यारणय
उत्तर ब

2 भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के काल के संदर्भ में नेहरु रिपार्ट में निम्नलिखित में से किस की / किस - किस की अनुशंसा की गई थीं -
अ भारत के लिए पूर्ण स्वतंत्रता
ब अल्पसंख्यको हेतु आरक्षित स्थानों के लिए संयुक्त निर्वाचन क्षेत्र
स संविधान में भारतीयों के लिए मौलिक अधिकारों को प्रावधान - निम्नलिखित कूटो के आधार पर सही उत्तर चुनिए - 1 केवल अ
2 ब एवं स
3 अ और स
4 अ ब और स
उत्तर 2

3 निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य में ऐसी सर्वोपयुक्त जलवायु विषयक स्थितियॉ उपलब्ध हैं, जिसमें न्यूनतम लगत से आर्किड की विविध किस्मों की खेती हो सकती हे और वह इस क्षेत्र में निर्यात उन्मुक्त उद्योग विकसित कर सकता है -
अ आंध्र प्रदेश
ब अरुणाचल प्रदेश
स मध्यप्रदेश
द उत्तरप्रदेश
उत्तर ब

4 जयहिंद दर्शन के अनुसार सृष्टि की रचना एवं पालन-पोषण -
अ सार्वभौमिक विधान से हुआ है।
ब सार्वभैमिक सत्य से हुआ है
स सार्वभौमिक आस्था से हुआ है।
द सार्वभौमिक आत्मा से हुआ है।
उत्तर अ

5 पृथ्वी के चारों ओर परिक्रमा कर रहा कृत्रिम उपग्रह इसलिए पृथ्वी पर नीचे नहीं गिरता क्योंकि पृथ्वी का आकर्षण -
अ उतनी दूरी पर अस्तित्वहीन होता है।
ब चंद्रमा के आकर्षण से निष्क्रीय हो जाता है।
स उसकी नियमित चाल के लिए आवश्यक गति प्रदान करता है।
द उसकी गति के लिए आवश्यक त्वरण प्रदान करता है।
उत्तर द

6 भारतीय अर्थ व्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -
1 विगत 5 वर्षो में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धिदर सतत रुप से बढी है।
2 विगत 5 वर्षो में प्रतिव्यक्ति आय की वृद्धिदर सतत रुप मे बढी है - उपरोक्त में से कौन सा / से कथन सही हैं -
अ केवल 1
ब केवल 2
स 1 और 2
द ना तो 1 ना ही 2
उत्तर द

7 भारत में निम्नलिखित में से किसकी कृषि सहबद्ध गतिविधियों में ऋण के वितरण में सबसे अधिक हिस्सेदारी है-
अ वाणिज्यिक बैकों के
ब सरकारी बैंकों की
स क्षेत्रीय ग्रामीण बैको की
द सूक्ष्म वृत्त (माईक्रो फाईनेंस संस्था)
उत्तर अ

8 आर्थिक विकास सामान्य तया युग्मित होता है -
अ अवस्फीति के साथ
ब स्फीति के साथ
स स्टेग फ्लशन के साथ
द अति स्फीति के साथ
उत्तर ब

9 भारतीय रिजर्व बैंक के बैक दर कम करने के फलस्वरुप -
अ बाजार की तरलता बढ जाती है।
ब बाजार की तरलता घट जाती है।
स बाजार की तरलता पर कोई प्रभाव नहीं पडता।
द वाणिज्यिक बैंक अधिक जमापूँजी संग्रहित कर लेते हैं
उत्तर अ

10 रॉलेट एक्ट का लक्ष्य था -
अ युद्ध प्रयासों को अनिवार्य आर्थिक समर्थन
ब बिना मुकदमा चलाए बंदी बनाना और मुकदमों की सुनवाई संक्षिप्त प्रक्रिया द्वारा
स खिलाफत आंदोलन का दमन
द प्रेस स्वातंत्रय पर प्रतिबंद्ध लगाना
उत्तर ब

11 पूर्व वैदिक आर्यो का धर्म प्रमुखता था -
अ भक्ति
ब मूर्ति पूजा और यज्ञ
स प्रकृति पूजा और यज्ञ
द प्रक्रृति पूजा और भक्ति
उत्तर स

12 ब्रहम समाज के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा / से कथन सही है -
अ इसने मूर्ति पूजा का विरोध किया
ब धार्मिक ग्रंथों की व्याख्या के लिए इसने पुरोहित वर्ग को अस्वीकारा
स इसने इस सिद्धांत का प्रचार किया कि वेद त्रुटिहीन हैं -
निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए -
1 केवल अ
2 अ और ब
3 केवल स
द अ ब और स
उत्तर ब

13 भारतीय रिजर्व बैंक आर.बी.आई. बैंकरों के बैंक केन्द्रीय बैंक के रूप में कार्य करता है इसका अर्थ निम्नलिखित में से कौन से हैं -
1 अन्य बैंक आर.बी.आई के पास अपनी जमा संचित रखते हैं।
2 आवश्यकता के समय आर.बी.आई. वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है।
3 आर. बी.आई. वाणिज्यिक बैंको को मौद्रिक विषयों पर परामर्श देता है - निम्नलिखत कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए -
अ 2 और 3
ब 1 और 2
स 1 और 3
द 1 2 और 3
उत्तर द

14 निम्नलिखित में से कौन सी बातें भारत में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में समाविष्ट होगी -
1 भारत में विदेशी कम्पनियों की सहायक कम्पनियॉ
2 भारतीय कम्पनियों में बहुसंख्यक विदेशी इक्विटी धारण
3 विदेशी कम्पनियों द्वारा अनन्य रूप से वित्तपोषी कम्पनियॉ
4 पोर्टफोलियों निवेश - निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए
अ 1 2 3 और 4
ब 2 और 4
स 1 और 3
द 1 2 और 3
उत्तर स

15 लीड बैंक योजना का प्रमुख उद्देश्य है कि -
अ बड़े बैंक जिले में अपने कार्यालय खोलने का प्रयास करें।
ब विभिन्न राष्ट्रियकृत बैंकों में कड़ी प्रतिस्पर्धा हो-
स प्रत्येंक बैंक सघन विकास के लिए पृथक जिलों को अपनाए।
द सभी बैंक अपने पास जमा राशि जुटाने के लिए गघन प्रयास करें।
उत्तर स

16 भारत के संविधान में केन्द्र और राज्य के बीच किए गए शक्तियों के विभाजन इनमें से किस में उल्लेखित योजना पर आधारित है -
अ मारले मिन्टो सुधार 1909
ब मान्टेग्यू चेम्पसफोर्ड अधिनियम 1919
स भारत सरकार अधिनियम 1935
द भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947
उत्तर स

17 निम्नलिखित रक्षित क्षेत्रो पर विचार कीजिए -
1 चॉदीपुर
2 भीतर कणिका
3 मानस
4 सुन्दरबन -
उपरोक्त में से कौन से बाघ आरक्षित क्षेत्र घोषित है -
अ 1 और 2
ब 1 3 और 4
स 2 3 और 4
द 1 2 3 और 4
उत्तर ब

18 निम्नलिखित में से कौन सी 1 उष्णकटिबंधीय सवाना प्रदेश की जलवायु की मुख्य विशेषता है -
अ वर्ष भर वर्षा ।
ब केवल शीतकाल में वर्षा ।
स अत्यंत अल्पकालिक शुष्क ऋतु ।
द निश्चित शुष्क तथा आर्द ऋतु ।
उत्तर द

19 भारत के निम्नलिखित में से किस वर्ग के आरक्षित क्षेत्र में स्थानीय लोगों को जीवभार एकत्रित करने और उसके उपयोग की अनुमति नहीं है -
अ जैवमंडलीय आरक्षित क्षेत्र में
ब राष्ट्रीय उद्यानों
स रामसर सम्मेलन में घोषित आर्द भूमियों में
द वन्यजीव अभयारण्यों में
उत्तर ब

20 जीवों के निम्नलिखित प्रकारों पर विचार कीजिए -
1 चमगादड़
2 मुधुमक्खी
3 पक्षी
उपरोक्त में से कौन सा / से परागणकारी हैं -
अ 1 और 2
ब केवल 2
स 1 और 3
द 1 2 और 3
उत्तर द